# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक- MCA / 1732 दिनांक- 14/09/2020

**सेवा में**

समस्त प्राचार्य /प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक /निदेशक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**विषय- उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी के सुदृढ़ करने हेतु माह सितंबर तथा अक्टूबर 2020 को विद्यादान घोषित किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या - 2140/70-3-2020-08(40)/2020 दिनांक 10/09/2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सूचित किया गया है कि ई-कन्टेन्ट पोर्टल दिनांक 5 सितंबर 2020 को प्रयोगात्मक रूप से क्रियाशील कर दिया गया है, जो उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी के नाम से जाना जाएगा | छात्रों के हित में ई-कन्टेन्ट को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक ई कंटेंट उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से माह सितंबर/ अक्टूबर 2020 को विद्यादान माह के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है | इसी अवधि में दिनांक 31 अक्टूबर 2020 को पोर्टल पर अपलोड किए गए कुल ई-कन्टेन्ट के आधार पर 4 श्रेणियों में संस्थाओं को प्रोत्साहित /पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया है जो निम्नवत है -

1. राज्य और निजी विश्वविद्यालयों की कैटेगरी
2. राज्य विश्वविद्यालयों की कैटेगरी
3. महाविद्यालयों की कैटेगरी
4. नोडल विश्वविद्यालयों की कैटेगरी

उक्त 4 श्रेणियों के अतिरिक्त विद्यादान माह में अधिक से अधिक गुणवत्तापरक ई-कन्टेन्ट डिजिटल लाइब्रेरी में अपलोड करने के लिए अध्यापकों को प्रोत्साहित /पुरस्कृत करने हेतु निम्न 2 श्रेणियों में भी पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया है -

1. विषयवार कैटेगरी- प्रत्येक विषय में सबसे अधिक ई-कन्टेन्ट अपलोड करने वाले 2 शिक्षक |
2. सभी विषयों की कैटेगरी पूरे प्रदेश में सबसे अधिक ई-कन्टेन्ट अपलोड करने वाले 10 शिक्षक |

उक्त श्रेणी में पुरस्कार /प्रोत्साहन हेतु प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक अर्ह होंगे |

उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी पर ई-कन्टेन्ट अपलोड करने हेतु **डॉ० सौरभ पाल** को विश्वविद्यालय द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है जिनकी मोबाइल संख्या 9044487708 तथा ईमेल drsaurabhpal@yahoo.co.in है। अतः सभी महाविद्यालयों से अनुरोध है कि ई-कन्टेन्ट अपलोड कराने हेतु उपरोक्त ईमेल पर संलग्न प्रपत्र के साथ ई-कन्टेन्ट भेजने का कष्ट करें।

अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अधिक से अधिक ई-कन्टेन्ट उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी पर अपलोड करने का कष्ट करें |

संलग्नक - यथोक्त |

भवदीय

नोडल अधिकारी

**प्रतिलिपि-**

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति, माननीय, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
3. सहायक कुलसचिव शैक्षणिक |
4. अधीक्षक, शैक्षणिक अनुभाग |
5. विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना को अपलोड करने का कष्ट करें।

नोडल अधिकारी

संख्या–2154 /सत्तर–3–2020–08(40)/2020

प्रेषक,

**मोनिका एस. गर्ग,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1– **निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
प्रयागराज।

2– **कुलसचिव,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3– **कुलसचिव,**
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊः दिनॉकः 11 सितम्बर, 2020**

**विषयः–उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाईब्रेरी के सुदृढ़ करने हेतु माह सितम्बर एवं अक्टूबर, 2020 को विद्यादान माह घोषित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2140/सत्तर–3–2020–08(40)/2020, दिनांक 10 सितम्बर, 2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सूचित किया गया है कि ई–कन्टेन्ट पोर्टल दिनांक 05 सितम्बर, 2020 को प्रयोगात्मक रूप से कियाशील कर दिया गया है, जो उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी के नाम से जाना जायेगा। छात्रों के हित में ई–कन्टेन्ट को बढ़ावा देने के लिये शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक ई–कन्टेन्ट उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से माह सितम्बर–अक्टूबर, 2020 को विद्यादान माह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी अवधि में दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 तक पोर्टल पर अपलोड किये गये कुल ई–कन्टेन्ट के आधार पर 04 श्रेणियों में संस्थाओं को प्रोत्साहित/पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया है, जो निम्नवत है :–

(क) राज्य और निजी विश्वविद्यालयों की कैटेगरी,
(ख) राज्य विश्वविद्यालयों की कैटेगरी,
(ग) महाविद्यालयों की कैटेगरी,
(घ) नोडल विश्वविद्यालयों की कैटेगरी,

2– उक्त 04 श्रेणियों के अतिरिक्त विद्यादान माह में अधिक–से–अधिक गुणवत्तापरक ई–कन्टेन्ट डिजिटल लाइब्रेरी में अपलोड करने के लिये अध्यापकों को प्रोत्साहित/पुरस्कृत करने हेतु निम्न 02 श्रेणियों में भी पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

(क) विषयवार कैटेगरी–प्रत्येक विषय में सबसे अधिक ई–कन्टेन्ट अपलोड करने वाले 02 शिक्षक।

(ख) सभी विषयों की कैटेगरी–पूरे प्रदेश में सब से अधिक ई–कन्टेन्ट अपलोड करने वाले 10 शिक्षक।

उक्त श्रेणी में पुरस्कार/प्रोत्साहन हेतु प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय एवं सभी महाविद्यालयों के शिक्षक अर्ह होंगे।

3– अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अधिक से अधिक ई–कन्टेन्ट उ0प्र0 उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी पर अपलोड करने का कष्ट करें।

भवदीया,

( मोनिका एस. गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या– 2154 (1)/सत्तर–3–2020, तद्दिनांकः**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
2– निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
4– अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
5– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

( योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी )
विशेष सचिव।

Nikhil G.O.